हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 10 मई 2024

04 जगत में रामकथा साक्षात परमात्मा...


07 भगवान परशुराम जयंती के लिए घर-घर...




## खबर संक्षेप

### पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर**। आगामी ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। खंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी फिटर ग्रेड -3 मेहबूब खान (मोबाईल नंबर 8305819150) , उपखंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी हैण्डपम्प तकनीशियन गणेश सोनी (मोबाईल नम्बर-9425682161 ) , उपखण्ड भैरूंदा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड-03 सचिन ठाकुर (मोबाईल नम्बर-8959607853) , उपखंड आष्टा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी ₹सहायक ग्रेड -03 एस. से तिवारी (मोबाईल नम्बर 9893544755 ), बुधनी के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी स्टोर क्लर्क राजकुमारी सोलंकी (मोबाईल नंबर 9489803741) को नियुक्त किया गया है।

### एग्जिट पोल एवं परिणाम का प्रकाशन या प्रचार एक जून तक प्रतिबंधित

**सीहोर**। लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### पेड न्यूज के संबंध में सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश

**सीहोर**। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में केबल आपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग और सतर्क रहने कहा है। कोई ऐसी न्यूज जो राजनैतिक दल विशेष को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रानिक मीडिया में दिखाई जाती है पेड न्यूज की श्रेणी में आएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति 24 घंटे इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण पर नजर रख रही है। केबल आपरेटरों से कहा गया है कि वे आयोग के निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन करें। केबल आपरेटर द्वारा जिस सामग्री का प्रसारण किया जाता है उसके प्रसारण पूर्व प्रसारणकर्त्ता से घोषणा पत्र भी प्राप्त करें। वसोशल मीडिया के अन्य प्रकारों पर नजर रखी जा रही है। राजनैतिक दलों द्वारा बल्क में किए जाने वाले एमएमएस एवं वॉयस मैसेज पर भी नजर रखी जायेगी।

### नालियों की सफाई नहीं होने से बीमारियों के फैलने का खतरा बना

# अनदेखी: नालियों में कचरे के रहने से नहीं हो पा रही पानी की निकासी

कचरे से पटी पड़ी इन नालियों की सफाई नहीं होने से यहां पर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। यहां रहने वाले लोग नाले चोक होने की समस्या से जूझ रहे हैं तो कई जगह कूड़े के ढेर पड़े हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की कई कॉलोनियों के गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां तो बना दीं, लेकिन समय पर सफाई नहीं होने से ये चोक हो रही हैं। कचरे से पटी पड़ी इन नालियों की सफाई नहीं होने से यहां पर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। यहां रहने वाले लोग नाले चोक होने की समस्या से जूझ रहे हैं तो कई जगह कूड़े के ढेर पड़े हैं।

नगर की कई कॉलोनियों में साफ सफाई का बुरा हाल है। आलम यह है कि नपा क्षेत्र के कई कॉलोनियों में नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं होने से लोग परेशान हैं। नगर की कनकपुरी, इंग्लिशपुरा, पलटन एरिया, जयंत कॉलोनी की अंदरूनी गलियों में नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं।

इसके साथ ही नालियों में कचरे के चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। हालांकि नपा द्वारा कई जगह नालियों की सफाई की गई, लेकिन कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया। वहीं अब यह गीला कचरा सूख चुका है और हवा चलने पर फैल रहा है। जिससे कम चौड़ी सड़क में वाहन चालकों को भी आवाजाही में परेशानी हो रही है। कॉलोनियों में कई जगह नालियां जाम होने के साथ ही कूड़े के ढेर पड़े हैं।

#### शहर से रोज निकलता है 45 से 55 टन कचरा

हर रोज शहर से 45 से 55 टन कचरा निकलता है। इस कचरे में जो गीला कचरा होता है उससे तो नगर पालिका खाद बना रही है, लेकिन जो सूखा कचरा है उसका मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी यूनिट (एमआरएफ) (ए की मदद से निपटान किया है। कुछ कचरा ऐसा भी ना भी है जो उ यह भी बड़ी समस्या है उठ ही नहीं जा रहा पाता है। है।

#### बारिश में ज्यादा परेशानी

पलटन एरिया निवासी जितेंद्र गौर ने बताया कि शिकायत के बावजूद यहां साफ सफाई नियमित तौर से नहीं होती। इससे नालियों में मच्छरों की भरमार है। ऐसे है। में गर्मी में बीमारी फैलाने वाले मच्छर व गंदगी से फैलने वाली बीमारियों की चपेट में आने की आशंका। वहीं बदबू से आसपास के रहवासियों का बुरा हाल है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### बारिश के दौरान खाली पड़े प्लॉटों में पानी भरा

शहर की कई कॉलोनियों के खाली प्लाट कचरे से भरे पड़े हैं। उनमें झाड़ियां उगकर सूख चुकी हैं। अमूमन नपा द्वारा बारिश आने से पहले नालियों की सफाई की जाती है। मानसून आने में लगभग डेढ़ माह बचा है। लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में होती है। इससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है, क्योंकि बारिश का पानी नाली के गंदे पानी के साथ मिलकर सड़क में बहने लगता है। लोगों ने बताया कि बारिश के दौरान खाली पड़े प्लाटों में पानी भरा रहता है। इससे भी परेशानी होती इन जगहों पर बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। इससे दुर्गंध और मच्छर भी बढ़ जाते हैं जिससे बीमारी फैलने की आशंका बढ़ जाती है।

## हवा आंधी के कारण टूटकर गिर रहे कच्चे आम



**सीहोर**। जिला की ग्राम बामुलिया में पिछले दो दिनों से हो रही आंधी तूफान और बारिश से आम की फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा है। फलों का राजा आम गर्मियों के समय में सभी लोगों का प्रिय फल होता है और इसे बेचकर किसान अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते थे, लेकिन तेज हवाओं के कारण कच्चे आम पेड़ों से टूटकर नीचे गिर रहे हैं जिसके कारण आम की फसल बर्बाद होती नजर आ रही है।

गांव के किसान घनश्याम पटेल, विक्रम व एलम परमार से बात की तो उन्होंने बताया कि बाजार में कच्चे आम की कीमत इस समय 30-35 रुपए प्रति किलो है, जो की बहुत कम है इसलिए कच्चे आमों को काटकर उन्हें धूप में सुखाने के बाद बेचेंगे, तो अच्छा भाव मिलेगा। इस बार आम की फसल अच्छी होती हुई नजर आ रही थी, लेकिन तेज हवाओं ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया।

### मक्का की चरी को खा रही इल्लियां, पशुपालक व किसानों की चिंता बढ़ी

**सीहोर**। जिला जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम बामुलिया में मौसम परिवर्तन की वजह से इल्लियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। किसान दिनेश ने बताया कि उन्होंने अपने पशुओं के लिए मक्का की चरी बोई है, लेकिन मौसम में बार-बार उतार चढ़ाव के कारण मक्का की चरी को इल्लियां खा रही है। किसानों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पशुओं को हरा चारा खिलाने से दूध उत्पादन में वृद्धि होती है और भूसे की भी बचत होती है, इसलिए हरे चारे में बार-बार कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव करना पड़ रहा है।

## 43.2 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान : बंगाल की खाड़ी के चक्रवात के कारण फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज



**सीहोर**। नगर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान में कल की तुलना में लगभग एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। जबकि न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस गिरा है। जिले में बीते 12 घंटे के दौरान 8.5 एमएम बारिश भी रिकॉर्ड की गई है।

मई माह के दौरान पहली बार बीते 24 घंटे के दौरान मौसम के दो रंग देखने को मिले हैं। दिन में जहां भीषण गर्मी ने लोगों को काफी परेशान किया है। वहीं शाम के समय कल अचानक मौसम बदला था और तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई थी। लेकिन आज फिर सुबह से ही भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से चक्रवात के कारण नामी आ रही है, जिसके कारण एक-दो दिन शाम के समय हल्की बारिश हो सकती है। दिन में तापमान अधिक होने के कारण लो प्रेशर जॉन शाम के समय ही बनता है।

#### विभाग ने जारी की एडवाइजरी

वहीं स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर आमजनों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में खान-पान का रखें ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान। ताजा और हल्का भोजन ही खाएं, जंक फूड खाने से बचें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, फलों का सेवन करें, चाय, कॉफी, गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करें, गर्मियों में रखें अपना ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान, धूप और अधिक तापमान की वजह से होने वाली सामान्य परेशानियां जेसे गर्म लाल और सूखी त्वचा, मतली या उल्टी, तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना, धड़कन तेज होना, घबराहट, लू से बचें गर्मियों में बाहर घूमने जाएं तो अपना विशेष ध्यान रखें, पीने का पानी,जुस साथ रखें और हाइड्रेटेड रहें, पतले, ढीले सूती वस्त्र पहनें, अपने सिर को छाते, टोपी तौलिया आदि से ढक लें, ताकि धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके।

## अभिभावकों को क्या फायदा: कोर्स, स्टेशनरी और स्कूल यूनिफार्म महंगे दामों पर खरीद चुके

### स्कूल खुलने के एक माह बाद लगेगा पुस्तक मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सरकारी और निजी स्कूलों में नया शिक्षण सत्र शुरु हुए एक महीने से अधिक समय बीत गया है। लेकिन अब जाकर स्कूल शिक्षा विभाग को पुस्तकें, यूनिफार्म और कॉपियों सहित स्टेशनरी अभिभावकों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेला लगाने की याद आई है।

स्कूल शिक्षा विभाग की उपसचिव मंजूषा विक्रांत राय ने इस संबंध में सभी कलेक्टर को पत्र लिखा है। जिसमें तीन दिवसीय पुस्तक मेल यथाशीघ्र लगवाने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि विद्यार्थियों के अभिभावकों को एक ही जगह पर उचित मूल्य में स्कूल संबंधी सामग्री मिल जाए। लेकिन हकीकत यह है कि स्कूल खुलने के बाद ही निजी स्कूल संचालकों ने मनमाने दामों पर सामग्री बेची है। यही नहीं उसके लिए शिक्षा विभाग ने सिर्फ कागजों में ही अभियान चलाया है।

**संचालनालय से ये आदेश जारी :** लोक शिक्षण संचालनालय ने पिछले दिनों कलेक्टर को पत्र लिखकर यथाशीघ्र तीन दिवसीय पुस्तक मेला लगवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर को जारी पत्र में लिखा है कि प्रत्येक जिले में एक उपयुक्त स्थान पर 3 दिवसीय पुस्तक मेला आयोजित किया जाए। इस मेले में पुस्तकों के प्रकाशकों, स्थानीय पुस्तक और स्टेशनरी विक्रेताओं को शैक्षणिक सामग्री तथा यूनिफार्म विक्रेताओं को आंमत्रित किया जाए। मेले के आयोजन का व्यय स्थानीय तौर पर उपलब्ध मद में से किया जाएगा।

#### निर्वाचन आयोग से ले ली है अनुमति

चुनाव के दौरान आचार संहित लागू होने के कारण स्कूल शिक्षा विभाग ने पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर निर्वाचन आयोग से अनुमति ले ली है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखना होगा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो।

#### सिर्फ कागजों में निर्देश

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने अप्रैल की शुरुआत में ही एक ही दुकान से शिक्षण सामग्री खरीदने की मोनोपॉली खत्म करने के लिए सख्त नियम उठाने के निर्देश दिए थे। लेकिन जिले में इसके लिए धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। यहां तक कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शिक्षण सामग्री की दुकानों का निरीक्षण तक नहीं किया।

### आज किया जाएगा महाप्रसादी का वितरण

**सीहोर**। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र श्री-श्री 1008 ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज महाराज के 131 वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी अक्षय तृतीया पर शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित राम कुटी पर दोपहर बारह बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में उनके शिष्य महंत उद्धावदास महाराज ने बताया कि शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे से मानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह दस बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक सत्संग और प्रवचन के पश्चात साढ़े ग्यारह बजे महारती की जाएगी और दोपहर बारह बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महा प्रसादी का वितरण दोपहर बारह बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर आने की अपील की है।

### सात दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर शुभारंभ

**सीहोर**। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आज दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के तत्वावधन में जैन महिला मंडल एवं वीर सेवा दल के सहयोग से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिथत छावनी मे सात दिवसीय श्रवण शिविर समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से पूज्य मुनि सुधासागर महाराज के मार्ग दर्शन में संस्थापित अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण संस्थान के विद्वान शास्त्री विकास जैन व पंकज शास्त्री के मार्ग दर्शन में शिविर का शुभारंभ होगा।

निर्धरित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 6:45 बजे अभिषेक, शांतिधारा , नित्य नियम पूजन अनुष्ठान संपन्न कर कलश यात्रा प्रारम्भ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर छावनी पंहुचेगी जहाँ ध्वजारोहण तथा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मंगल कलश स्थापना जिनवाणी माँ की स्थापना तत्पश्चात मंगलाचरण के साथ शिविर का विधिवत शुभारंभ होगा।

## 11 मई को कलश यात्रा के साथ आरंभ होगी शिव महापुराण

**सीहोर**। शहर में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सुपुत्र कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा द्वारा शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में तीन दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन विठलेश सेवा समिति, संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र और श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला ने आगामी 11 मई से होने वाली तीन दिवसीय शिव महापुराण के कथा स्थल का जायजा लिया। इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, नटवर कुशवाहा, विकास अग्रवाल, बाबू सिंह आदि शामिल थे। केन्द्र के संचालक श्री सिंह ने बताया कि छोटे गुरुदेव कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा वृद्धजनों



और यहां पर हितग्राहियों के अलावा क्षेत्रवासियों को धर्म से जोडऩे के लिए शहर में पहली कथा करने जा रहे है। इससे पहले जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में व्यास पीठ से कथा की थी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया था। आगामी 11 मई शनिवार से होने वाली तीन दिवसीय कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। इसके अलावा यहां पर सैकड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंडाल आदि की व्यवस्था की जा रही है।

### सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़े होने से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती

# पार्किंग जोन की समस्या से जूझ रहा शहर, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की सबसे बड़ी समस्या वाहनों के पार्किंग की है। हालत यह है कि पूरे बाजार की सड़कों के दोनों तरफ दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने पर यहां से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है। इस समस्या से शहर सालों से जूझ रहा है। इसके बाद भी अभी तक नपा इस समस्या का समाधान नहीं कर सकी है। आलम यह है कि सड़कों की साइडों पर वाहन पार्किंग होने से बार-बार जाम की समस्या बनती है।

शहर में ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा शहर में लगातार जनसंख्या वृद्धि हो रही है। लेकिन नपा ने अभी तक शहर में पार्किंग की समस्या को कोई स्थााई समाधान नहीं खोजा है। शहर के मुख्य बाजार की सड़कों पर हर रोज 10 से 15 हजार वाहन आते हैं। जो सड़कों पर ही खड़े हो रहे हैं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है साथ ही दुर्घटना होने की



संभावना बनी रहती है। यदि इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ जाएगी। बीते दशकों में शहर का फैलाव तो हुआ लेकिन वाहन पार्किंग के लिए और स्थाई समाधान नहीं हो हो सका है। लोगों को यह समझ नहीं आता है कि आखिर वे वाहनों को कहां खड़ा करें।

#### इन स्थानों पर पार्किंग की समस्या

गांधी रोड गांधी रोड की हालत यह है कि यहां पर सुबह से रात तक भीड़ ही रहती है। यहां पर कपड़े के अलावा चूड़ी और महिला सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों की संख्या अधिक है। इसलिए महिलाओं की भीड़ इस बाजार में देखने को मिलती है। इसके अलावा सराफा बाजार में में सोने और चांदी की दुकानें हैं जिस कारण से यहां पर भी त्योहारी सीजन में काफी भीड़ हुआ करती है। वैसे तो हर रोज ही यहां पर भीड़ रहती है। लेकिन खासकर त्योहारी सीजन में समस्या बढ़ जाती है।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**सीहोर**। सड़क पर पाए जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

खबर संक्षेप

### आज किया जाएगा भगवान परशुराम का अभिषेक

**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में विप्रजनों के आराध्य भगवान परशुराम की जयंती आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। शुक्रवार को दो दिवसीय महोत्सव की शुरूआत सुबह आठ बजे भगवान का अभिषेक के साथ की जाएगी। इस मौके पर सुबह शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में आठ बजे भगवान का विशेष अभिषेक किया जाएगा और उसके पश्चात सुबह दस बजे पूजन और आरती की जाएगी। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष आशुतोष शर्मा और महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम शर्मा सहित अन्य मौजूद रहेंगे। सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार सुबह से भगवान परशुराम जन्मोत्सव महोत्सव की शुरूआत हो जाएगी। इसके पहले दिन अभिषेक-पूजन और पूजन आरती का आयोजन किया जाएगा, वहीं शाम को महिला मंडल के द्वारा कलश एवं पूजन थाली सजावट प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। वहीं रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस शुभारंभ शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला से शाम पांच बजे किया जाएगा। वहीं रात्रि आठ बजे से शहर के बाल विहार में समाजजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

### चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई नौ दिवसीय श्रीराम कथा

# जगत में रामकथा साक्षात परमात्मा स्वरुप है:महंत उद्धावदास महाराज

**शहर के शुगर फैक्ट्री के समीपस्थ भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में सीहोर चित्रांश समाज के तत्वावधान में देर रात्रि को आरंभ हुई कथा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हमारे शरीर में गुण और अवगुण दोनों समान रूप से विराजमान हैं। लेकिन जब सत्संग की शरण में जाते हैं हमारे चित्र और मन से अवगुण समाप्त हो जाते हैं और गुण जागृत हो जाते हैं। जगत में रामकथा साक्षात परमात्मा स्वरुप है। उक्त विचार शहर के शुगर फैक्ट्री के समीपस्थ भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में सीहोर चित्रांश समाज के तत्वाधान में देर रात्रि को आरंभ हुई कथा के पहले दिवस महंत श्री उद्धाव दास महाराज ने कहे। नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पहले दिन समाज की ओर से शैलेन्द्र श्रीवास्वत सहित अन्य चित्रांश परिवार के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई थी।

इस संबंध में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया कि सीहोर चित्रांश समाज के तत्वाधान में आरंभ हुई नौ दिवसीय श्रीराम कथा रात्रि आठ बजे से रात्रि दस बजे तक जारी रहती है। कथा के पहले दिन कलश यात्रा के साथ श्रीगणेश किया गया था। कथा के पहले दिन महंत श्री उद्धावदास महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा यह जगत में मंगल प्रदान करती है धन प्रदान करती है धर्म शांति है और परमात्मा के पावन धाम तक पहुंचने में मदद करती है।

जीव का जीवन मानस का दर्पण है यदि जीव इसी विश्वास के साथ रामकथा का श्रवण करें तो निश्चित ही यह उसके लिए फलदाई होगा। कथा जीवन के चित्त को निर्मल बना देती है। यह जीव के जीवन को सहज बनाती है। उन्होंने भक्तों से आग्रह करते हुए कहा कि देश की आत्मा बच्चे हैं और संस्कारवान नागरिकों के लिए आप अपने बच्चों को कथा सुनने के लिए प्रेरित करें।

#### राम चरित्र मानस के सातों कांड मानव का सदैव मार्गदर्शन करते

उन्होंने बताया कि राम चरित्र मानस के सातों कांड मानव का सदैव मार्गदर्शन करते हैं प्रथम कांड बालकांड हमें बताता है कि मानव को सदैव बालक बना रहना चाहिए। बालक बना रहेगा, तो निष्पाप रहेगा। किसी प्रकार का पाप नहीं कर सकता। उसके अंदर किसी प्रकार का दोष नहीं होता क्योंकि वह बालक है। राम चरित्र मानस के सभी कांड मानव को सदैव सीख देते हैं । कथा के प्रथम दिन सातों कांडों का महत्व बताया। उन्होंने दअयोध्या के बारे में बताया कि अपने शरीर को अयोध्या जैसा बनाएं इसमें कहीं कोई पापी नहीं रहता था। जब हमारा शरीर अयोध्या बन जाएगा तो निश्चित रूप से वहां प्रभु श्री राम निवास करेंगे। तीसरा आरंग कांड है जो जंगल है जो बताता है कि व्यक्ति को जीवन भर बास ना रहित रहना चाहिए। व्यक्ति के जीवन में जब बासना नहीं रहती है तो उसके हृदय में भगवान का बसेरा हो जाता है। चौथा कांड किष्किंधा कांड है जिसमें प्रभु श्री राम और सुग्रीव की मित्रता के बारे में बताया गया है जीवन में मित्र होना जरूरी है परंतु वह राम और सुग्रीव जैसे ही होना चाहिए किष्किंधा कांड हमें अच्छे मित्रों से परिचय कराता है।

### बारिश : लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत



**सीहोर।** जिला जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बरखेड़ी आलमपुरा में बुधवार शाम को मौसम का मिजाज बदल गया, दिन भर तेज गर्मी पड़ने के बाद शाम को 6 बजे अचानक से मौसम में परिवर्तन हुआ और आसमान में काले बादल छा गए। वहीं, 6:30 बजे तेज हवाओं के साथ करीब 15 मिनट तक बारिश हुई, जिससे तापमान में काफी गिरावट आई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। गांव के किसान हरिओम विश्वकर्मा ने बताया कि बेमौसम बारिश से एक ओर फसल को नुकसान है तो वहीं कुछ फसलों को फायदा है। बेमौसम बारिश से मूंग की फसल को फायदा तो वही प्याज की फसल के खराब होने की आशंका जताई जा रही है। कई किसानों की प्याज खेत पर रखी हुई है उन्होंने तिरपाल ले जाकर प्याज को ढक दिया।

### औषधीय फसलों और सब्जी बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

# बंजर धरती करे पुकार, पौधे लगाकर करो श्रृंगार: सोनी



**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर के पूर्व प्राचार्य तथा पीठासीन अधिकारी, संतोष सोनी ने अपने मतदान केंद्र पर पौधा लगाकर, बढ़ते तापक्रम और धरती के बंजर होने का दिया संदेश, और कहा जिस प्रकार लोकतंत्र के लिए मतदाता जरूरी है। उसी प्रकार पर्यावरण के लिए वृक्ष जरूरी है।

मतदान दल प्रेरित होकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियो और सुरक्षा अधिकारियों ने मतदान केंद्र क्रमांक 86 खाड़ाबड़, बुदनी में पौध रोपण किया।

सोनी द्वारा चलाए जा रहा अभियान अपने वृक्ष अपना पर्यावरण के तहत 1998 से इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। इनके प्रयासों से सीहोर के अनेक स्कूल संस्थानों को एनजीओ के माध्यम से पौध वितरित किए जा चुके है। श्री सोनी , पर्यावरण के प्रति हमेशा जागरूक रहते है। नई जगह पर पेड़ लगाना नहीं भूलते, इसलिए पर्यावरण जगत में इन्हे अपने राम के नाम से जाना जाता है। बंजर धरती करे पुकार पौधे लगाकर करो श्रृंगार।

# तेज रफ्तार हवा से मौसम का बदला मिजाज, बारिश होने से तापमान गिरा, लोगों को मिली राहत



**भैरुंदा।** नगर में करीब तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। इसमें नमी अधिक होने से सिहरन बढ़ गई। तीखी धूप निकली लेकिन तपिश कम है।

दो दिन से 40 डिग्री तापमान से गर्मी का अहसास होने के बाद गुरूबार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। साथ ही करीब 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इसमें नमी अधिक होने से सिहरन लगने लगी है। हालांकि बारिश की बूंदे भी गिरी लेकिन तेज हवाएं चलने से उसका असर भी कम रहा। ठंडी हवाओं के कारण तापमान 38 डिग्री से कम होकर 25डिग्री से भी नीचे चला गया। मौसम के बदलाव का असर तापमान पर भी देखने को मिला। अधिकतम तापमान जहां कम होकर 38. डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, वहीं न्यूनतम तापमान 25डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तेज़ हवा के साथ हुई बारिश भैरूंदा के कई हिस्सों मै तेज़ हवा के साथ बारिश हुई।

शाम मौसम का मिजाज बदल गया. हुई तेज़ बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. लेकिन घने बादल आसमान को छाया रहा। वहीं हतेज़ बारिश के दौरान तेज हवा चली।

**बदलते मौसम में लापरवाही कर सकती है बीमार :** इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। रोहणी का पखवाड़ा चल रहा है चील चिलाती धूप में दिनभर गर्मी ,है। मौसम में समय समय पर बदलाव बीमारियों को दावत देने वाला है। ऐसे में जरा सी चूक आप की सेहत के लिए भारी पड़ सकती है। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत है। भैरूंदा सिविल अस्पताल में इन दिनों औसतन सौ सेदो सौ मरीज रोजाना उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं जिले के भैरूंदा सिविल अस्पताल मे विभिन्न सीएचसी-पीएचसी, हेल्थवेलनेश सेंटरों पर भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। बदलते मौसमतेज़ धूप में लू लगना में सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द की समस्या बढ़ी है। इन्हीं बीमारियों के मरीज अधिक आ रहे हैं। खासतौर पर ऐसे लोग जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है, वे बीमारी की चपेट में जल्दी आ रहे हैं।

# आंधी-तूफान से कई जगहों पर पेड़ और बिजली के पोल गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले की ग्राम पंचायत बिजौरा में बुधवार शाम को एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। सुबह से दोपहर तक लोगों को 41 डिग्री तापमान ने परेशान किया। शाम में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं, बिजौरा में शाम 6 बजे हुई बारिश से किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई किसानों की प्याज की फसल खराब हुई व पेड़ टूट कर गिरे जिससे भरी नुकसान हुआ। वहीं, बिजली लाइन का एक पोल भी टूट गया, जिससे ग्राम पंचायत बिजौरा में शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक बिजली गुल रही। जिससे ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। फिलहाल बिजली विभाग द्वारा पोल ठीक कर दिया गया है।

# रोगी सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ




**भैरूंदा।** नगर के सिविल अस्पताल में केशव माधव स्मृति न्यास की ओर से रोगी सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया,इस केंद्र में गरीब मजदूर वर्ग के मरीजों की सुविधा के लिए कंबल, ठंडा व पगर्म पानी, दवाइयां, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर ,सहित अन्य सुविधा उपलब्ध रहेगी आमजन के सहयोग से यह सुविधा जुटायी जाएगी। शुक्रवार को शुभारंभ अवसर पर व्यवस्थापक डॉक्टर दीपक वर्मा ने बताया कि केशव माधव स्मृति न्यास सहायता केंद्र के शुभारंभ अवसर पर नगर के तरुण पुष्प स्कूल के सचालक आरवी मालवीय के द्वारा अपनी मां की स्मृति में इंडेक्सचूल्हा प्रदान किया गया। इस चूल्हे पर गर्म पानी चाय दूध मरीज को उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर बीएमओ डॉक्टर मनीष सारस्वत एवं संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का रोड शो, जिलाध्यक्ष व विधायक के नेतृत्व में अरोरा ने भी की सहभागिता




**सीहोर।** सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास लोकसभा सीट के तहत आने वाली आष्टा विधानसभा के आष्टा नगर में रोड शो किया। इसमें जिलाध्यक्ष रवि मालवीय एवं आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के नेतृत्व में सीहोर के कद्दावर नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी शिरकत की। इससे पहले श्री अरोरा ने आष्टा पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का स्वागत किया।

इसके बाद आयोजित हुए रोड शो में वे जनता का अभिवादन करते हुए एवं कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई करते हुए रथ के आगे-आगे चलते रहे। रास्तेभर जहां मुख्यमंत्री के रथ पर फूलों की बारिश हो रही थी तो वहीं भाजपा नेता श्री अरोरा के साथ भी कार्यकर्ता, समर्थक फोटो खिंचाते रहे। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ मंच भी साझा किया। रोड शो से पहले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा के निवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी भी पहुंचे। इस दौरान अरोरा ने उनका गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान वे कुछ समय श्री अरोरा के निवास पर रूके। पचौरी आष्टा में मुख्यमंत्री के रोड शो में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से भोपाल से आष्टा जा रहे थे, इसी दौरान वे अरोरा के निवास भी पहुंचे। इसके बाद वे आष्टा के लिए रवाना हुए। आष्टा में श्री अरोरा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के साथ भाजपा के चुनाव कार्यालय में यहां के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ चुनाव को लेकर चर्चा की एवं आगामी रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में देवास संसदीय सीट पर चुनाव है। इस दौरान सीहोर जिले की आष्टा विधानसभा में मतदान होना है। इसको लेकर भाजपा यहां पर चुनाव प्रचार में जुटी हुई है।

### दूल्हा बादशाह उर्स कॉमेटी ने किया पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय का सम्मान

# दरगाह पर चार कव्वालों ने पेश किए कलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हजरत दूल्हा बादशाह रहमतुल्ला अलेया बाबा की दरगाह पर आयोजित हिन्दू मुस्लिम एकता उर्स मेला कमेटी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय का पुष्प मालाएं पहना कर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। दरगाह पर सीहोर के कव्वाल कासिम झंकार तारिक हुसैन और भोपाल के तबरेज कव्वाल, इकबाल कव्वाल के द्वारा कलाम पेश किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने कहा कि हजरत बाबा दूल्हा बादशाह की दरगाह हिंदू मुस्लिम एकता की बड़ी मिसाल है, यहां पर सभी कोमें एकता के साथ उर्स मेले में सम्मिलित होती हैं और बाबा से देश दुनिया में अमन चैन की दुआ करती हैं बाबा सभी पर अपनी रहमत बरसाते हैं। यहां पर की गई दुआ कबूल होती है और मनो कामनाएं पूर्ण होती हैं। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज जन यहां पर पहुंचकर इबादत करते हैं और हिंदू मजहब के लोग भी यहां पर सजदा करते हैं।

उर्स कॉमेटी महासचिव नौशाद खान ने कहा कि बीते 55 सालों से राय परिवार के द्वारा दरगाह पर चादर चढ़ाई जा रही है यहां परंपरा सेठ गेंदालाल राय के द्वारा शुरू की गई थी उनके पुत्रों के द्वारा इस परंपरा को पूरा किया जा रहा है

यह हमारे लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उर्स कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान, उर्स कमेटी महासचिव समाज सेवी नौशाद खान,अशफाक खान, खादिम अनवर शाह बाबा, अमीन बिजली, रईस मंत्री, राजा मियां, तययूब खा, साजिद पठान, आमिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया



**सीहोर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के जनक सर हेनरी डुनाट का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना राजपूत के निर्देशन पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के तहसील चौराहे पर स्थित कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर हेनरी डुनाट की तस्वीर पर माल्यार्पण कर विभिन्न वक्ताओं नें उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनकी मानवता को लेकर किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र वशिष्ठ, श्रीमती रीना खत्री, डॉ. ओम प्रकाश मेवाड़ा, भारत सोनी, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, डॉ. गगन नामदेव, जीतेन्द्र खत्री, डॉ. मनोज सक्सेना, अर्जुन सोनी, कनीराम मालवीय, डॉ जी. के. दुबे, माधव सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर के आदेश के बाद शुरू हुई सोनोग्राफी, जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा

# गर्भवती महिलाओं और नवजातों को समय पर मिल सकेगा स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

चुनावी समर में जिला अस्पताल में डॉक्टर की चल रही मनमानी पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने लगाम लगाना शुरू कर दी है। कलेक्टर ने 8 मई को जारी अपने आदेश में पिछली 30 अप्रैल से बंद पड़ी सोनोग्राफी को सुचारू चालू रखने के उद्देश्य से डॉक्टर की ड्यूटी सुनिश्यित की गई है। सिविल सर्जन के बताया कि हमने हर दिनांक के हिसाब से सोनोलॉजिस्ट की ड्यूटी सुनिश्चित कर दी है, जिससे जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा। वहीं 13 अप्रैल से अपने आपको छुट्टी पर बताने वाली महिला डॉ आकांक्षा सिंह और डॉ पूजा तिवारी भी बुधवार से अपनी ड्यूटी पर लौट आई हैं। इनके आने से भी मरीजों को लाभ मिलेगा और गर्भवती और नवजातों को समय पर सही स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।

### यह सोनोलॉजिस्ट ओपीडी समय पर रहेंगे जिला अस्पताल में उपस्थित

| दिनांक | | सोनोलॉजिस्ट |
|---|---|---|
| 9 मई | | डॉ गुंजन त्रिपाटी |
| 11 मई | | डॉ उपेन्द्र सोलंकी |
| 13 मई, | 27 मई, 30मई | डॉ उषा मीणा |
| 14 मई | | डॉ एस प्रसाद |
| 15 मई | | डॉ दीपक सिंह |
| 16 मई , | 24 मई, 31 मई | डॉ यशपाल रीठौरिया |
| 17 मई, | 25मई,29 मई | डॉ आर के जैन |
| 18 मई | | डॉ वीपी गुप्ता |
| 20 मई | | डॉ नीलेश कुमावत |
| 21 मई | | डॉ भरत लाल अहिरवार |
| 22 मई | | डॉ लबीना पंजाबी |
| 28 मई | | डॉ पी के मालवीय |

### सोनोग्राफी क्यों है जरूरी


मातृत्व एवं प्रसव को ध्यान में रखते हुए सोनोग्राफी बेहद जरूरी है। एक गर्भवती महिला को अपने प्रसव काल के दौरान कम से कम 3 या 4 सोनोग्राफी कराना अनिवार्य होती है जिससे गर्भस्थ शिशु एवं प्रसूता के स्वास्थ्य की संपूर्ण जानकारी समय रहते मिल जाने से आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को समय रहते दूर किया जा सकता है। सोनोग्राफी के समय पर उपयोग से मातृ एवं शिशु मृत्यू दर को कम करने में बहुत मदद मिलती है। हाईरिस्क फेक्टर का पता समय पर चल जाता है जिससे बाहर रेफर की स्थिती का समय पर पता चल जाता है। बच्चों के अधिक बजन एवं कम बजन होने का भी समय रहते पता चलते से उनका इलाज किया जा सकता है और उन्हें होने वाले गंभीर परिणामों से बचाया जा सकता है।

## सिविल सर्जन की बिना अनुमति छुट्टी पर गई दो महिला डॉक्टर रीजनल ज्याइंट डॉयरेक्टर के आदेश के बाद लौटी ड्यूटी पर

### इनका कहना है

बिना अनुमति के छुट्टी पर जाने के कारण रीजनल ज्वाइंट डॉयरेक्टर की अनुमति के बाद ही ज्वाइनिंग दी गई।

**डॉ नितिन पटेल, सिविल सर्जन जिला अस्पताल राजगढ़**



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
एवं समुचित प्राधिकारी पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी. एक्ट जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/पी.सी.पी.एन.डी.टी./2024 9-1 दिनांक 8/5/2024


प्रति,
समस्त सोनोलॉजिस्ट चिकित्सक
राजगढ़ जिला राजगढ़

विषय–जिला चिकित्सालय मे आने वाले सोनोग्राफी हेतु मरीजों की पूरे माह शासकीय एंव निजी चिकित्सकों द्वारा सोनोग्राफी सेवाएँ उपलब्ध कराने के संबंध में।
संदर्भ– कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1165 दिनांक 10.02.2023 के संबंध में।

उपरोक्त विषय में अनुरोध है कि प्रशासकीय कार्य व्यवस्था कि दृष्टि से आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ के उद्देश्य से लिए गये निर्णय अनुसार जिला चिकित्सालय राजगढ़ में प्रतिदिन सोनोग्राफी कार्य को करने हेतु जिले के पंजीकृत चिकित्सक व कार्यालय के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सको की दिनांक अनुसार प्रतिदिन ओ.पी.डी. समय में सोनोग्राफी करने हेतु तत्काल प्रभाव से आदेशित किया जाता है–

| क्र. | सोनोलॉजिस्ट का नाम | स्थान | आवंटित दिनांक ओ.पी.डी. समयानुसार |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ.चंद्रसेन दायमा मो.–7509612341 | सुविधा सोनोग्राफी सेन्टर राजगढ़ | 08.05.2024 |
| 2 | डॉ. गुंजन त्रिपाठी मो.–6261205281 | डॉ.जी.पी. नर्सिंगहोम राजगढ़ | 09.05.2024 |
| 3 | डॉ.उपेन्द्र सोलंकी मो.–7999857439 | नर्मदा डायग्नोस्टिक सेन्टर पचोर | 11.05.2024 |
| 4 | डॉ.उषा मीणा मो.–8770698151 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 13.05.2024 |
| 5 | डॉ.एस. प्रसाद मो.–7489141556 | भोपाल नर्सिंगहोम खिलचीपुर | 14.05.2024 |
| 6 | डॉ.दीपक सिंह मो.–8517029669 | ओम मंगलम सोनोग्राफी सेन्टर जीरापुर | 15.05.2024 |
| 7 | डॉ.यशपाल रीठौरिया मो.–9584052725 | जिला चिकित्सालय राजगढ़ | 16.05.2024 |
| 8 | डॉ. आर.के.जैन मो.–8720824222 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 17.05.2024 |
| 9 | डॉ.वी.पी.गुप्ता मो.–8989269995 | ख्याती सोनोग्राफी सेन्टर राजगढ़ | 18.05.2024 |
| 10 | डॉ.निलेश कुमावत मो.–9755199507 | कुमावत अल्ट्रासाउण्ड सोनोग्राफी सेन्टर ब्यावरा | 20.05.2024 |
| 11 | डॉ.भरत लाल अहिरवार मो.–9506244520 | विनायक सोनोग्राफी सेन्टर नरसिंहगढ़ | 21.05.2024 |

निरंतर 02...पर



//02//

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | डॉ.लबीना पंजाबी मो.–9425037700 | पंजाबी नर्सिंगहोम ब्यावरा | 22.05.2024 |
| 13 | डॉ.यशपाल रीठौरिया मो.–9584052725 | जिला चिकित्सालय राजगढ़ | 24.05.2024 |
| 14 | डॉ. आर.के.जैन मो.–8720824222 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 25.05.2024 |
| 15 | डॉ.उषा मीणा मो.–8770698151 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 27.05.2024 |
| 16 | डॉ.पी.के.मालवीय मो.–9425037640 | मालवीय क्लीनिक ब्यावरा | 28.05.2024 |
| 17 | डॉ. आर.के.जैन मो.–8720824222 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 29.05.2024 |
| 18 | डॉ.उषा मीणा मो.–8770698151 | सिविल अस्पताल ब्यावरा | 30.05.2024 |
| 19 | डॉ.यशपाल रीठौरिया मो.–9584052725 | जिला चिकित्सालय राजगढ़ | 31.05.2024 |

कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित।

(डॉ.किरण वाडिया)
समुचित प्राधिकारी अधिकारी
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी.एक्ट
जिला राजगढ़ म.प्र.

पृ. क्रमांक/पी.सी.पी.एन.डी.टी./2024/ दिनांक 8/5/2024
प्रतिलिपि –
1. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ ।
2. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक जिला चिकित्सालय राजगढ़ की ओर सूचनार्थ।
3. जिला स्वास्थ्य अधिकारी एंव नोडल अधिकारी पी.सी.पी.एन.डी.टी.स्थानीय कार्यालय।
4. प्रभारी मेडिकल ऑफिसर सिविल अस्पताल ब्यावरा/सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. सुश्री शहनाज मंसूरी नर्सिंग ऑफिसर 7987252096 सोनोग्राफी कक्ष जिला चिकित्सालय राजगढ़ की ओर पालनार्थ।
7. संबंधित सोनोलॉजिस्ट डॉ ____ सह सेन्टर ____ जिला राजगढ़ की ओर पालनार्थ।

समुचित प्राधिकारी अधिकारी
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी.एक्ट
जिला राजगढ़ म.प्र.

### रविवार और सोमवार को हुए दो सीजर से बीमारी हुई दूर

प्रसूता से पैसे मांगने के आरोप एवं उसकी मौत के बाद सिविल सर्जन की अनुमति के बिना मेडिकल लीव पर चली गई दो महिला डॉक्टर डॉ आकांक्षा सिंह एवं डॉ पूजा तिवारी ने आखिरकार बुधवार को ज्वाइन कर लिया। सूत्रों की माने तो पिछले दिनों दो दिनों में हुए दो प्रसूताओं के ऑपरेशन के बाद उनका स्वास्थ्य जल्दी ठीक हो गया और वह सोमवार को ही ज्वाइन करने पहुंच गई थी। परंतु सिविल सर्जन नितिन पटेल ने नियमों का हवाला देते हुए रीजनल ज्वाइंट डायरेक्टर से अनुमति की बात कही और जब आधिकारिक मेल प्राप्त हो गया तब जाकर बुधवार को दोनों महिला डॉक्टर को ज्वाइनिंग दी गई। इस तरह पिछले कई दिनों से प्रसूताओं को मिल रही परेशान अब शायद थम जाएगी और रिश्वत लेने जैसे आरोपों की पुनर्रावृत्ति नही होगी ऐसी आशा आम जनता कर सकती है।

# भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज निकलेगा शोभायात्रा



**ब्यावरा।** प्रतिवर्तन अनुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाएगा। ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास एवं उत्थान के साथ स्वजातीय बंधुओं को एक सूत्र में पिरोते हुए विकास पथ पर अग्रसर बढ़ने की मंशा से श्री श्री 1008 महंत प्रेमदास जी महाराज बीड़ मंदिर के सानिध्य में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाएगा। भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रातरू 8 बजे वैष्णो देवी मंदिर से प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए परशुराम मंदिर, बीड मंदिर पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। 11 बजे अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। एवं दोपहर 12 बजे महाप्रसादी का आयोजन होगा,भगवान परशुराम, परशु पराक्रम प्रतीक है। राम सत्य सनातन का पर्याय है। इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ। पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। परशुराम भगवान श्री हरि विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। परशुराम जी के जन्म उत्सव को अक्षय तृतीया भी कहा जाता है, इस दिन 24 घंटे शुभ मुहूर्त रहता है। सनातन परंपरा में 8 ऐसे चिरंजीवी देवता हैं जो जुगों जुगो से इस पृथ्वी पर मौजूद है। इन्हीं में से एक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम भी हैं। इस वर्ष 10 मई 20 24 को अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। हमारी भावी गतिविधियां है। परशुराम वेद- वेदांत की स्थापना। परशुराम वैदिक संस्कृत पाठशाला की स्थापना। नई पीढ़ी के लिए जानेऊ उपनयन संस्कार। गरीब कन्याओं के लिए विवाह और भविष्य में विवाह सम्मेलन की योजना। प्रतिभावान गरीब युवाओं को शिक्षा ऋण। आपात कोष, समाज के गरीब वर्ग की सुरक्षा के लिए। प्रति परिवार, उसके सदस्य का पंजीकरण। पारदर्शी, सार्वजनिक समाज कोष गतिविधि। बाहर रहने वाले विप्रो की जानकारी। वर्ष में तीन बार वृद्धि आयोजन एवं समाज का परिचय सम्मेलन आदि। समाज बंधुओ से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल हों।

## वेदांत गुप्ता ने कक्षा 10वीं में प्राप्त किए 89.6 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



हाल ही में आईसीएसई (इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकंडरी एजुकेशन) बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हुए जिसमें वेदांत गुप्ता ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता प्राप्त की। प्रतिभावान छात्र वेदांत गुप्ता सारंगपुर महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. दिलीप गुप्ता के सुपुत्र है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वेदांत पूरे वर्ष अध्ययन के प्रति बेहद समर्पित रहकर 4 से 5 घंटे सेल्फ स्टडी की। वैज्ञानिक बनकार राष्ट्र सेवा करने का लक्ष्य लिए वह निरंतर ज्ञान-विज्ञान के नए नए पहलुओं को जानने का प्रयास करता रहता है। ब्यावरा के प्रोग्रेसिव हाइट स्कूल के छात्र वेदांत गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं परिजनों को देते हुए बताया कि कठिन परिश्रम एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से बड़े से बड़ा लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। मैंने अपना लक्ष्य निर्धारित कर चार से पांच घंटा प्रतिदिन पढ़ाई की जिसका परिणाम अपनी अपेक्षा के अनुरुप प्राप्त हुआ।

## दलित महिला को लगी चोट, परिजनों को लेकर महिला पहुंची थाने

# रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने दलित महिला से अभद्रता कर मारपीट की





हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

खिलचीपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम मूणडला में दलित परिवार के साथ रास्ते के विवाद को लेकर गांव में रहने वाले दबंगों ने विवाद कर मारपीट की। वहीं जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गालियां देते हुए मारपीट की। विवाद में दलित महिला को चोट आई है। दलित महिला परिजनों के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आई। दलित महिला के बताये अनुसार पुलिस ने मेडिकल कराकर विवाद करने वाले गांव के दबंगों हिम्मत सिंह पिता रतनलाल राजपूत, सिद्धू सिंह पिता रतनलाल राजपूत, पप्पू सिंह पिता रतनलाल राजपूत, रामपाल राजपूत के खिलाफ अनुसूचित जनजाति के तहत धारा 3(1) द, 3(ध), 3(2) 323, 294, 324, 506 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कार्रवाई करेंगे

प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

**आरएस धाकड़, थाना प्रभारी खिलचीपुर।**

# भगवान परशुराम जयंती के लिए घर-घर संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

युवा ब्राम्हण महापरिषद के तत्वाधान में 10 मई को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव मनाया जाएगा।

दिन में शोभायात्रा निकाले जाने के साथ रात्रि में धर्मसभा एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। परशुराम जयंती कार्यक्रम मे अधिकाधिक संख्या में ब्राम्हण परिवारों की उपस्थिति हो, इसके लिए युवा ब्राम्हण महापरिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर आमंत्रण पत्रों का वितरण किया जा रहा है। 10 मई को भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में क्षेत्र के साधु संतों, पुजारियों एवं ब्राम्हणों की भारी उपस्थिति के लिए ब्राम्हण युवा महापरिषद के पदाधिकारी संपर्क अभियान में सक्रिय बने हुए है। संजय शर्मा, नीलेश भार्गव, मोनू शर्मा, रेवाशंकर शर्मा, हिउस अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, रामकुमार उपाध्याय, सुरेन्द्र शास्त्री सहित अन्यों द्वारा भीषण गर्मी में भी घरो-घर पहुंच कर परशुराम जयंती कार्यक्रम में ब्राम्हण परिवारों की महिला, पुरूष, युवाओं को आमंत्रित किया जा रहा है।

# जगह-जगह बसें रुकने से लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



नगर में भारी संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन हैं। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र से लोग भारी संख्या में वाहनों के साथ नगर में प्रतिदिन आते हैं। नगर में एक भी वाहन स्टैंड न होने से अघोषित वाहन स्टेण्ड मुख्य सडक के किनारों पर अनेक स्थानों पर बने हुए हैं। यात्री बसें बस स्टेण्ड से चालू होकर नगर के आधा दर्जन स्थानों पर आघोषित बस स्टैंड पर यात्रियों को चढाने उतारने स्थान-स्थान पर रुकने से जाम लगने के साथ घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

नगर के बीचों बीच से निकली पुरानी एनएच 12 की मुख्य सडक पर लगभग डेढ किमी डिवाइडर बना हुआ है। मुख्य सड़क के दोनों ओर एक दर्जन से अधिक बैंक हैं। किसी भी बैंक के पास वाहन स्टैंड की सुविधा न होने से बैंकें खुलते ही बैकों के सामने मुख्य सड़क के किनारे दो पहिया, चार पहिया वाहनों की भरमार से जाम लगने की परेशानियों भरी स्थिति का सामना पैदल चलने वालों को करना पड़ता है।

### यातायात पुलिस गायब

नगर में दिन की शुरुआत सुबह से रात्रि तक मुख्य सडक के साथ टाकीज रोड, मंडी रोड, छोटा बाजार, कन्याशाला रोड, किनगी रोड, पिपरिया रोड, उदयपुरा नाके, इत्यादि स्थानों पर प्रतिबंध वाहनों का भारी आवागमन रहता है। नगर के सभी प्रमुख सार्वाजनिक स्थानों, तिराहों, चौराहों पर सुव्यवस्थित सुरक्षित यातायात के लिए यातायात पुलिस की मौजूदगी जरूर रहती है। परंतु नगर के किसी भी चौराहे, तिराहे, भीड भाड वाले स्थानों से यातायात पुलिसा गायब बनी रहने से वाहन चालकों की मनमानी बनी रहने से पैदल चलने वाले बुजूर्ग, महिलाएं, छात्र, बच्चे जोखिम भरी स्थिति में बने रहते हैं। सड़कों के किनारों पर घंटो से दो पहिया, चार पहिया वाहन और मालवाहक वाहन खड़े रहने पर उन्हे हटाने के प्रति यातायात पुलिस की अनुपस्थिति से वाहन चालकों, मालिकों की दबंगाई विवादों का कारण बनता रहता है। कॉलेज रोड, मंडी चौराहे, पिपरिया रोड, टाकीज, कब्रिस्तान चौराहे, दीनदयाल परिसर के आसपास, बस स्टेण्ड, उदयपुरा नाके, किनगी रोड, कन्याशाला रोड, बडा बाजार, सब्जी मंडी के आसपास दुकानों के भीतर से अधिक सामान सड़को पर फैला रहने से जाम लगने और जोखिम भरी स्थिति बनी रहती है। सड़कों पर स्थान-स्थान पर बिल्डिंग मटेरियल, कबाड सामग्री भी पड़ी रहने से वाहनों का आवागमन जोखिम भरी स्थिति में होता है। नपं. स्थानीय प्रशान, ट्राफिक पुलिस की लंबे समय से बनी उदासीनता, अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कभी भी प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से ऐसा लगता है कि नगर अतिक्रमण के बीच बसा है। दुकानदारों को अपनी हद में रहने की बार-बार दी गई चेतावनी बिना प्रभावी कार्रवाई मात्र औपचारिकता और आम आदमी पैदल चलने वालों के साथ कभी -कभी वाहन चालकों के लिए भारी परेशानियों का कारण बनती रहती है।

# दो सांड आपस में लड़े एक्टिवा हुई क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶गंजबासौदा

मंगलवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर दो सांड आपस में लड़ गए। आपस में लड़ते हुए सांड वहीं मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक्टिवा पर चढ़ गए। जिससे एक्टिवा का अगला और पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पास से पैदल गुजर रहे राहगीर बाल बाल बच गए। बाद में किसी तरह सांडों को अलग कर भगाया गया।

# राशन दुकान का 16 बोरी चावल उल्टा पल्टी करते किया जब्त

### उचित मूल्य दुकानों से राशन सामग्री की हेराफेरी, हो रही ब्लैक मार्केटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



अनुविभाग की उदयपुरा देवरी, बरेली, बाड़ी तहसीलों में सैकड़ों उचित मूल्य की दुकानों से गरीबों, अतिगरीबों को सस्ती दरों एवं निःशुल्क राशन वितरण में देखरेख जांच के अभाव में सामग्री की हेराफेरी और काला बाजारी का जोर बना हुआ है। उदयपुरा में एक गल्ला व्यापारी के यहाँ से 16 बोरी चावल खाद्य राजस्व विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई के दौराल उल्टा पल्टी करते हुए जब्त किया गया। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हजारों गरीब अति गरीब परिवार है। जिन्हें सहकारी समितियों, उपभोक्ता भंडारो एवं वन विभाग के द्वारा संचालित दुकानों, सेल्समेनों के द्वारा राशन सामग्री का वितरण किया जाता है। हमेशा समय पर राशन सामग्री न मिलने, कम सामग्री दिये जाने और समय से पूर्व ही राशन सामग्री समाप्त हो जाने की बहानेबाजी चलती रहती है। दुकानदारों, सेल्समेनों द्वारा विभिन्न तरीके अपना कर राशन सामग्री हडपने के प्रयास और सक्रियता बनी रहती है।

### नहीं होती जांच

अनुविभाग की बाड़ी, बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों की सेकडो ग्रापं. में हजारों गरीब, अतिगरीब, विकलांग ग्रामीण क्षैत्र में निवास करते है। प्रतिमाह हजारों क्विंटल गेंहू चावल एवं अन्य उचित मूल्य की सस्तीदरों एवं निःशुल्क वितरण होने वाली सामग्री का उठाव होता है। नियमानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख से पूर्व सामग्री का उठाव और हितग्राहियों में वितरण होना चाहिए। गरीबों की राशन सामग्री वितरण पर प्रभावशाली, दबंग लोगो का शिकंजा बना रहने और गरीबों द्वारा राशन सामग्री न मिलने की शिकायतों के बाद भी उचित मूल्य दुकानों की जांच, वितरण के दौरान किस प्रकार सामग्री का वितरण किया जा रहा है। खाद्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा जांच और प्रभावी कार्यवाही न किए जाने से सेल्समैनों, उपभोक्ता भंडारो की मनमानी बनी रहती है।

### 16 बोरी चावल जब्त

उदयपुरा के एक गल्ला व्यापारी के यहॉ से खाद्य उपनिरीक्षक आपूर्ति रावत, नायब तहसीलदार केके पंडोले एवं पटवारी की टीम ने एसडीएम बरेली संतोष मुदगल के निर्देश पर छापामार कार्रवाई जांच की गई। जब टीम पहुंची तो चावल की बोरियों की उल्टा पल्टी की जा रही थी। टीम द्वारा 16 बोरी जब्त चावल को सरकारी गोदाम में सुरक्षित रखने की कार्रवाई की गई।

# गर्मी ने पकड़ी रफ्तार, सूरज की किरणों से बरसने लगी आग, लू का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



बैशाख, जेठ का महिना भीषणतम गर्मी, तेज धूप और जरा सी असावधानी पर लू लगने का कारण बनता है। पिछले एक सप्ताह से गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए है। सूरज की किरणों से दिन में आग बरसने से सड़को, बाजारो में सन्नाटा छाने की स्थिति बन रही है। कभी कभार आसमान में बादल छा जाने से तेज धूप और आग बरसा रही सूरज की किरणों से लोगो को राहत जरूर मिल जाती है।

बैशाख का आधा महिना बीतने वाला है। प्रतिदिन बढता तापमान, गर्म हवाओं से दिन में शरीर को झुलसा देने वाली स्थिति बन रही है।

### गर्मी का कहर, लू लगने से बीमार हो रहे लोग

जिस प्रकार एकाएक गर्मी ने रोद्र रूप धारण किया, दिन में सूरज की किरणों और गर्म हवाओं का सामना कठिन हो रहा है। वही रात में भी गर्मी और उमस के माहौल से भरपूर नींद लेना कठिन होने लगा है। सुबह 9 बजे से शाम तक गर्म हवाओं का जोर बना रहता है। भीषणतम गर्मी के कारण जरा सी असावधानी लू लगने, बीमार पडने का कारण बन रही है। डॉ. बी.डी यादव ने तेज धूप, गर्मी में लोगो से बाहर न निकलने की सलाह दी है। जरूरी होने पर धूप से बचाव और भरपूर पानी पीकर ही घर से वाहन निकलन की सलाह देते हुए कहा कि शीतल पेय पदार्थो का भी बहुत सावधानी से उपयोग करें।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महिला आईटीआई में प्रवेश 20 मई तक होंगे

**सीहोर।** डॉ. आंबेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीवीटी के हिन्दी स्टेनो, कोपा, फैशन डिजाइन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैके, ड्राफ्ट्समैन सिविल पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश 1 मई से हो रहे हैं। इन प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई है। शासकीय महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। दसवीं पास सभी श्रेणी की महिला आवेदक व अन्य आवेदक प्रवेश के लिए विभाग के पोर्टल पोर्टल https://mpiti-counsling.co.in या www.dsd.mp.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। शासकीय महिला आईटीआई सीहोर में प्रवेश हेतु प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये संस्था में जाकर प्रवेश हेल्प डेस्क से सम्पर्क कर सकते हैं।

### कव्वाल सरफराज चिश्ती का स्वागत

**सीहोर।** मोहब्बत से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता है, देश प्रेम से बढ़कर जग में कोई दूसरा धर्म नहीं है, इसलिए राष्ट्र को पहले समझो। उक्त विचार शहर के मैन रोड स्थित कार्यालय में देश के मशहूद कव्वाल सरफराज चिश्ती ने कहे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय के नेतृत्व में चिश्ती का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। मशहूर कव्वाल हजरत दूल्हा बादशाह रहमतुल्ला अलेया बाबा की दरगाह पर आयोजित हिन्दू मुस्लिम एकता उर्स मेला कमेटी ने कार्यक्रम में आए हुए है। उर्स कॉमेटी महासचिव नौशाद खान ने बताया कि बीते 55 सालों से राय परिवार के द्वारा दरगाह पर चादर चढ़ाई जा रही है यहां परंपरा सेठ गेंदालाल राय के द्वारा शुरू की गई थी उनके पुत्रों के द्वारा इस परंपरा को पूरा किया जा रहा है।

### लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए आष्टा में हुई बीएजी कार्यशाला

# बोले कलेक्टर, सामूहिक लक्ष्य को पाने के लिए विश्वास और टीम वर्क जरूरी





लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर ने मैदानी अमले को किया प्रेरित। बूथ अवेयरनेस ग्रुप कार्यशाला में 3000 से अधिक ग्रामीण अमला शामिल हुआ। गत विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतें हुई पुरस्कृत, कलेक्टर ने किया सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए आष्टा में बूथ अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने उपस्थित ग्रामीण अमले को आधिक से अधिक मतदान कराकर सीहोर जिले को प्रदेश में नम्बर वन जिला बनाने के लिए प्रेरित किया।

### तीन प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

कार्यशाला में 3000 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियां, चौकीदार, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, पटवारी तथा शिक्षक शामिल हुये। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बीएजी ग्रुप के सदस्यों को संबंधित करते हुए कहा कि तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव में प्रदेश के बाकी जिलों का वोट प्रतिशत कम हो रहा था। तब सीहोर जिले की तीन विधानसभाओं के लिए हुए मतदान में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई । मतदान में तीन प्रतिशत की यह बढ़ोतरी तभी संभव हो पाई जब आप सभी ने अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग करते हुए पूरी उर्जा के साथ एक टीम के रूप में काम किया। इसके लिए पूरे जिले की टीम बधाई की पात्र है।

### प्रदेश के पांच जिलों में शामिल हुआ सीहोर

उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में आपकी ऊर्जा, लगन और अथक परिश्रम के कारण ही सीहोर जिला 84.4 मतदान प्रतिशत के साथ प्रदेश के अग्रणी पांच जिलों में शामिल रहा। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले की टीम किसी से कम नहीं है, यह कई मौकों पर साबित करके दिखाया है और पूरे प्रदेश में सीहोर जिले की अलग पहचान बनाई है।

### जिले ने बनाई अलग छवि

उन्होंने कहा कि चाहे जिले के स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने की बात हो या स्कूलों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बोर्ड परीक्षा के परिणाम हो, या सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की बात हो, या फिर स्वच्छता रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन की बात हो, कई क्षेत्रों में सीहोर जिले ने प्रदेश में एक अलग छवि बनाई है। यह सब सफलाताएं सीहोर जिले की टीम के संयुक्त प्रयासों से ही संभव हुआ है।

### लक्ष्य पाने टीम वर्क जरूरी

कलेक्टर सिंह कहा किसी भी बड़े सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मन में विश्वास और टीम वर्क पहली जरूरत है। उन्होने कहा कि विश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है, जो कठिन परिश्रम की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में आगामी 13 मई को देवास संसदीय क्षेत्र की आष्टा विधानसभा के लिए मतदान होना है। लोकसभा चुनाव में सीहोर जिले को प्रदेश में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि आपकी कार्यक्षमता, सकारात्मक ऊर्जा, और विश्वास को देखते हुए निश्चित ही हम सीहोर जिले को नम्बर बनाएगें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सीहोर को नम्बर वन बनाने के लिए हमने तीन विधान सभाओं में अधिक से अधिक मतदान की रेस जीत ली है। अब इस रेस को सफलता की सीढ़ी तक पहुंचाने की बारी आष्टा विधानसभा की है।

### उत्साह और उर्जा से जीतेंगे रेस

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है आप इस रेस को पूरे उत्साह और उर्जा के साथ जीतेंगे। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, जीआरएस, पटवारी, कोटवार तथा स्व साहायता समूह की महिलओं को अपनी कई जिलों में पदस्थापना के दौरान अनेक क्षेत्रों में मिली अभूतपूर्व सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि यह तभी संभाव हुआ, जब वहाँ आप जैसे ही सकारात्मक और उर्जावान लोगों ने टीम भावना के साथ काम किया। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत विधानसभा चुनाव में आष्टा विधानसभा के ग्राम पंचायत लसुड़िया सूखा, बगडावदा, गुराड़िया रूपचंद, अमरपुरा तथा दुपाड़िया में सर्वाधिक मतदान कराने वाली की टीम को सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आष्टा एसडीएम स्वाती मिश्रा तथा जनपद सीईओ अमित व्यास सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर की सड़कों पर जगह जगह हो रहे बड़े-बड़े गड्ढे

### गड्ढे में फंसी बस, यात्री घबराए



**आष्टा।** नई सब्जी मंडी के पास सड़क पर हो रहे गड्ढे में फंसी यात्री बस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय नई सब्जी मंडी के पास सड़क पर बुधवार को एक बस इस गड्ढे में फंस गई। किसी भी दिन गड्ढे में फंस बड़ा हादसा हो सकता है। एक प्राइवेट बस शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय के पास नई सब्जी मंडी वाले मार्ग से जा रही थी, जैसे ही बस इस गड्ढे में फंसी तो बस में बैठे लोग घबरा गए।

### कई वार्डों में भी गड्ढे

शहर के कई वार्डों में भी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इधर आधा दर्जन से अधिक वार्डों में चेंबर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। सीएमओ राजेश सक्सेना ने कहा कि जहां भी जिस मार्ग पर गड्ढे हैं, उन्हें जल्दी ठीक कराया जाएगा। साथ ही चेंबरों की भी मरम्मत कराई जाएगी।

### रखरखाव के बाद भी रोज गुल हो रही है बिजली

**जावर।** बिजली विभाग नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है लेकिन हकीकत कुछ और है बिजली कटौती से परेशान नगर के लोगों को गर्मी के समय और भी दिक्कत होती है नगर में इन दिनों घंटों बिजली की कटौती की जा रही है। जरा सी हवा आंधी वाह वर्षा होते ही बिजली गुल कर दी जाती है बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है ऐसे में लोगों को अघोषित कटौती से जूझना पड़ रहा है इसके अलावा अनेक स्थानों पर फाल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है वहीं बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप एक ग्रुप में कटौती की सूचना दिन में कई बार देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बढ़ती जा रही है पिछले 1 सप्ताह से हवा आंधी के चलते हैं कि हकीमाबाद से जावर, कजलास आई बिजली की 33 केवी लाइन कभी फाल्ट होना तो कभी ट्रांसफार्मर जलना और तो और झूलते तार के फाल्ट होने के कारण विद्युत कर्मचारी द्वारा जावर, कजलास नगर सहित क्षेत्र की बिजली सप्लाई बार-बार बंद करना आम बात हो गई है दिन पर दिन रात में भी कई बार बिजली का आना जाना लगा रहता है उमस के कारण लोग बहुत परेशान हैं वहीं बिजली के बार बार चले जाने के कारण लोग घरों के बाहर देर रात में बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं और बिजली कर्मचारी को कोसते नजर आते हैं।

# आष्टा में सीएम ने किया रोड शो: जनसभा में बोले पीएम मोदी ने जो कहा, उन वादों को पूरा भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को आष्टा के दौरे पर रहे। शाम पांच बजे उनको आष्टा पहुंचना था, लेकिन उज्जैन, सोनकच्छ में हुई सभा में शामिल होने से वह 4 घंटा 35 मिनट देरी से रात 9 बजकर 35 मिनट पर नगर में पहुंचे। इसके बाद पुराना बस स्टैंड से उनका रोड शो शुरू हुआ जो सिविल अस्पताल से होकर बुधवारा, बड़ा बाजार में सभा में तब्दील हुआ। देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में हुई सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। करीब 10 मिनट की हुई सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में कहा था कि 300 पार होंगे तो 300 पार हुए, अब 400 सीट पार का कह रहे तो 400 पार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा, वह वादा पूरा किया, मोदी की पूरी गारंटी है। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारा सिंह पटेल मौजूद थे। मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान पुराना बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, परदेसी पुरा, बुधवारा, खत्री मार्केट, नजरगंज सहित अनेक स्थानों पर मंच बनाकर युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और भाजपा के अनेक संगठनों ने सीएम का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 10 मिनट के भाषण के बाद जैसे ही 10 बजे,आचार संहिता के तहत माइक बंद हो गया। उसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से भोपाल निकल गए।

# आष्टा विधानसभा में 693 मतदाताओं ने घर से किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




देवास संसदीय क्षेत्र के आष्टा विधानसभा में 693 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। आष्टा में 708 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प दिया था जिसमें हुई होम वोटिंग में 693 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। मतदान के लिए शेष 15 मतदाताओं में 7 मतदाता अनुपस्थित रहे तथा 8 मतदाताओं की मृत्यु हो गई। आष्टा विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक आयु के 576 मतदाताओं में 562 मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार 132 दिव्यांग मतदाताओं में 131 मतदाताओं ने घर से मतदान किया।

# कलेक्टर ने आष्टा के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने देवास संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों और चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, एसडीएम स्वाति मिश्रा तथा जनपद सीईओ अमित व्यास भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आष्टा विधानसभा के ग्राम बीलपान, मेहतवाड़ा, सहित अनेक मतदान केन्द्रों एवं आष्टा में चल रहे मतदान प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल एवं छाया के लिए टेंट के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, शौचालय, साफ-सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा बीएलओ से संबंधित मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या गत मतदान के प्रतिशत तथा स्वीप गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के दौरान कहा कि निर्वाचन कार्य में सबसे बड़ी भूमिका मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी की होती है। मतदान सम्पन्न कराने वाले अधिकारी कर्मचारी जितनी गम्भीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उतनी सरलता और सुगमता के साथ बिना किसी व्यवधान के निर्वाचन सम्पन्न कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीयू, बीयू और वीवीपैट का प्रशिक्षण पूरी रुचि और जिज्ञासा के साथ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट के बारे में पूरी जानकारी होना चाहिए।

वे ईवीएम व वीवीपैट के बारे में अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तथा सुव्यवस्थित मतदान कराने में कोई परेशानी न हो। कलेक्टर सिंह ने सेक्टर अधिकारियों को संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने तथा असामाजिक एवं अवांछित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। बाहरी व्यक्तियों के आगमन एवं उनकी गतिविधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने एफएसटी तथा एसएसटी दलों को निरंतर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान कर सके इसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत की जाएं। मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का कढ़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों और अपने सेक्टर का सतत भ्रमण करें तथा शासकीय सम्पत्ति को विरूपित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्व कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक स्वयं भी आदर्श आचार संहित का पालन करें। मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट बहुमूल्य है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। मतदाताओं से आगामी 13 मई को अपने माताधिकार का उपयोग कर मतदान करने की अपील की है।

### दिगंबर जैन समाज ने बिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव मनाया

# पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक कर की गई शांति धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



दिगंबर जैन मंदिर मेहतवाडा में जिन बिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव की आठवीं वर्षगांठ बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम चिंतामणि मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान के अभिषेक की बोली का सौभाग्य प्रमोद कुमार जैन, संजय जैन, दीपक जैन, आमोद जैन ,शरद जैन, अरिहंत जैन, सिद्धार्थ जैन ,आयुष जैन ,दिव्यांश जैन ,अंजनैया जैन को प्राप्त हुआ।

सुरेंद्र कुमार जैन ,सोहित कुमार जैन, सक्षमजैन ,प्रशम जैन को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं सतीश कुमार जैन, अर्पित जैन, सोमू जैन, सुहागमाल जैन, पवन कुमार, मनीष जैन ,अनमोल जैन, आशीष जैन, जैन परिवार को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। सकल दिगंबर जैन समाज जन कि उपस्थिति में चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान पर अभिषेक कर एवं शांति धारा करके पुनर्जन किया आपके पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना करते हुए दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष अमोद कुमार जैन ने बताया कि नेवज नदी के तट पर देवांचल पर्वत एवं पुष्पगिरी के समीप इंदौर भोपाल के मध्य में स्थित दिगंबर जैन मंदिर का प्राचीन इतिहास रहा है। यहां पर देवांचल पर्वत से भोपाल झरनों के मंदिर में लगभग 7 फीट ऊंची प्रतिमा ले जाकर विराजित की गई है। देवांचल पर्वत पर आज भी जैन मंदिर एवं प्रतिमाओं के अवशेष दर्शन हेतु प्राप्त होते हैं। उन्हीं प्राचीन धरोहर एवं अतिशेष चमत्कार से हमारे मंदिर सुशोभित होते रहते हैं यहां पर दिगंबर संतो का आना-जाना भी रहता है। संतो के आहार विहार एवं निहार करने का सौभाग्य भी समाज जन को प्राप्त होता है उनका आशीर्वाद हम पर बना रहे। पार्श्वनाथ भगवान का आशीर्वाद सभी समाजजन व ग्रामवासी को प्राप्त होता रहता है। कई वर्षों पहले आचार्य विजय सागर, विमल सागर महाराज द्वारा मंदिर निर्माण करवाया गया था। तत्पश्चात आचार्य विप्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य में मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। अब विशाल धर्मशाला का निर्माण प्रगति पर है। इन्ही मंगल भावनाओं के साथ उपाध्यक्ष सुनील कुमार जैन, सवाईमल जैन, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन, प्रमोद कुमार जैन ,महामंत्री विमल कुमार जैन एवं प्रवक्ता रूपचंद जैन, दिगंबर जैन कमेटी द्वारा सभी का आभार माना गया।

# परशुराम जन्मोत्सव पर 2 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधेंगे, आमंत्रण पत्रिका भगवान गणेश के चरणों में की अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखण्ड ब्राह्मण समाज के आराध्य श्री परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया शुक्रवार को उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। परम्परा अनुसार चल समारोह भी निकाला जाएगा। समाज के दो जोड़े सात फेरों के साथ दाम्पत्य जीवन में बंधेंगे। परशुराम जन्मोत्सव के एक दिन पहले महिला संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया है।

समाज 13 मई को देवास-शाजापुर लोकसभा चुनाव में स्वयं भी मतदान करेंगे अन्य को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। आमंत्रण पत्रिका विध्न विनाशक भगवान गणेश जी के चरणों में समाज जनों ने अर्पित की। अखण्ड ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनीष पालीवाल, राजेश शर्मा ने बताया कि समाज की ओर से मानस भवन परिसर में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को संपूर्ण समाज के लोग सहभागिता करेंगे।

### गणेश जी को आमंत्रण पत्रिका भेंट की

शुक्रवार को दोपहर 3 बजे पादुका पूजन, अभिषेक, आरती भक्ति भाव से की जाएगी। परिणय उत्सव शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा और रात्रि 10 बजे बिदाई होगी। नगर के प्राचीनतम भगवान गणेश जी को आमंत्रण पत्रिका देने काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।